मीरजापुर पुलिस
—प्रेस नोट—

दिनांकः30.11.2024

थाना विन्ध्याचल पुलिस टीम द्वारा अनुमानित कीमत ₹ 8 लाख के हेरोइन (72 ग्राम) के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद—

पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ , अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की निर्माण/तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः 30.11.2024 को थानाध्यक्ष अमित कुमार मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार थाना विन्ध्याचल क्षेत्रांतर्गत देवरहवा बाबा रोड़ के पास से 01 अभियुक्त संतोष जयसवाल उर्फ सेठ्ठी पुत्र स्व0 भैरव प्रसाद निवासी बावली चौराहा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त संतोष जयसवाल के कब्जे से 72 ग्राम अवैध हेरोइन (अनुमानित कीमत 8 लाख) बरामद किया गया। मौके से तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल UP 63 AM 5591 को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-231/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया तथा मौके से बरामद मोटर साइकिल वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

विवरण पूछताछ —

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मेरे द्वारा मांग के अनुसार गैर प्रान्त से हेरोइन लाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बिक्री की जाती है तथा बिक्री के पैसे से भौतिक सुख सुविधाओं का लाभ लेता है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

संतोष जयसवाल उर्फ सेठ्ठी पुत्र स्व0 भैरव प्रसाद निवासी बावली चौराहा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर, उम्र करीब 46 वर्ष।

बरामदगी विवरण —

72 ग्राम अवैध हेरोइन (अनुमानित कीमत ₹ 8 लाख)
तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन संख्याः UP 63 AM 5591

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0स0-231/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0स0-05/2019 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।
मु0अ0स0-137/2020 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समय —

देवरहवा बाबा रोड़ के पास से, दिनांकः 30.11.2024 को समय 03.11 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

थानाध्यक्ष अमित कुमार थाना विन्ध्याचल मय पुलिस टीम।

उप-निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम।